**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.06.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- देश में लोकसभा चुनाव के लिए डाले गए वोटों की गिनती जारी–अभी तक घोषित परिणामों में भाजपा ने एक सौ 17 और कांग्रेस ने जीती 51 सीटें–रूझानों के अनुसार एनडीए को बढ़त।
- प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा की चारों सीटें जीतकर किया क्लीन स्वीप– विधानसभा उपचुनाव में 6 में से चार सीटें कांग्रेस की झोली में।
- हमीरपुर संसदीय सीट पर अनुराग सिंह ठाकुर ने लगातार पांचवीं बार हासिल की जीत– जनता का जताया आभार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश की जनता ने विधानसभा उपचुनाव में दल बदल को नकारा– लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ा।

.............................................................

**मतगणना**

देशभर में लोकसभा चुनाव के लिए डाले गए मतों की गिनती जारी है। अभी तक 2 सौ 27 सीटों के परिणाम घोषित हो चुके हैं जिनमें से भाजपा ने एक सौ 17 और कांग्रेस पार्टी ने 51 सीटें जीती हैं। अभी तक के रूझानों के अनुसार एन.डी.ए. और इंडी गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर जारी है। एनडीए दो सौ 90 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं जबकि इंडिया गठबंधन दो सौ 35 सीटों पर आगे चल रहा है।

**चुनाव –डिस्पैच**

प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा की सभी चारों सीटें जीत ली हैं। इस क्लीन स्वीप के साथ भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 के इतिहास को दोहराया है। इस बार जीत हासिल करने वाले प्रमुख नेताओं में केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और सुप्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना रनौत भी शामिल हैं। इसके अलावा विधानसभा की 6 सीटों पर हुए उपचुनावों में चार सीटें कांग्रेस पार्टी की झोली में गई हैं जबकि दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता।

**वीओ–– वर्ष 2014 से ये लगातार तीसरा मौका है जब हिमाचल में भाजपा ने लोकसभा के आम चुनावों में राज्य की सभी सीटें जीत कर क्लीन स्वीप किया है। हमीरपुर संसदीय सीट पर केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने लगातार पांचवीं बार जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के सतपाल रायजादा को एक लाख 82 हज़ार 3 सौ 57 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया। वहीं मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की प्रत्याशी व सुप्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना रनौत ने कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 74 हज़ार 7 सौ 55 मतों से पराजित किया। इसी प्रकार कांगड़ा संसदीय सीट पर भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कांग्रेस के आनंद शर्मा को जबकि शिमला संसदीय सीट पर भाजपा के सुरेश कश्यप ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को पराजित किया। इसके अलावा प्रदेश में विधानसभा की 6 सीटों के लिए हुए उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी ने चार सीटें जीती हैं जबकि दो सीटें भाजपा की झोली में गई हैं।**

## नतीजे–लोकसभा

हमीरपुर संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस के सतपाल रायजादा को एक लाख 82 हज़ार 3 सौ 57 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया। अनुराग सिंह ठाकुर को 6 लाख 7 हज़ार 68 वोट मिले जबकि सतपाल रायजादा ने 4 लाख 24 हज़ार 7 सौ 11 मत प्राप्त किए। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की कंगना रनौत ने कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह को 74 हज़ार 7 सौ 55 मतों से पराजित किया। कंगना रनौत को 5 लाख 37 हज़ार 22 जबकि विक्रमादित्य सिंह को 4 लाख 62 हज़ार 2 सौ 67 वोट मिले। उधर कांगड़ा संसदीय सीट पर भाजपा के डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कांग्रेस के आनंद शर्मा को 2 लाख 51 हज़ार 8 सौ 95 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। राजीव भारद्वाज को 6 लाख 32 हज़ार 7 सौ 93 और आनंद शर्मा को 3 लाख 80 हज़ार 8 सौ 98 मत प्राप्त हुए। शिमला संसदीय सीट पर भाजपा के सुरेश कश्यप ने कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी को 90 हज़ार 5 सौ 48 मतों से हराया। सुरेश कश्यप को 5 लाख 13 हज़ार 9 सौ 36 जबकि विनोद सुल्तानपुरी को 4 लाख 23 हज़ार 3 सौ 88 वोट मिले। हालांकि चुनाव आयोग की ओर से अभी शिमला संसदीय सीट का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित करना बाकी है।

## नतीजे–विधानसभा

प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने चार जबकि भाजपा ने दो सीटों पर जीत हासिल की है। लाहौल स्पीति, सुजानपुर, गगरेट और कुटलैहड़ विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में गई है जबकि बड़सर और धर्मशाला सीट पर भाजपा ने बाजी मारी है। लाहौल स्पीति में कांग्रेस की अनुराधा राणा ने निर्दलीय प्रत्याशी रामलाल मारकंडा को एक हज़ार 9 सौ 60 मतों से पराजित किया। अनुराधा राणा को 9 हज़ार 4 सौ 14 और रामलाल मारकंडा को 7 हज़ार 4 सौ 54 वोट पड़े। इसके अलावा भाजपा के रवि ठाकुर 3 हज़ार 49 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे और उनकी जमानत ज़ब्त हुई। सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के रणजीत सिंह राणा ने भाजपा के राजेन्द्र राणा को 2 हज़ार 4 सौ 40 वोटों से पराजित किया। रणजीत सिंह राणा को 29 हज़ार 5 सौ 29 जबकि राजेन्द्र राणा को 27 हज़ार 89 मत पड़े। उधर ऊना ज़िले की गगरेट विधानसभा सीट पर कांग्रेस के राकेश कालिया ने भाजपा के चैतन्य शर्मा को 8 हज़ार 4 सौ 87 मतों के अंतर से शिकस्त दी। राकेश कालिया ने 35 हज़ार 7 सौ 68 जबकि चैतन्य शर्मा ने 27 हज़ार 2 सौ 81 वोट हासिल किए।

कुटलैहड़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के विवेक शर्मा ने भाजपा के देवेन्द्र कुमार भुट्टो को 5 हज़ार 3 सौ 56 मतों से पराजित किया। विवेक शर्मा को 36 हज़ार 8 सौ 53 जबकि भुट्टो को 31 हज़ार 4 सौ 97 मत पड़े। धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस के देवेन्द्र सिंह जग्गी को 5 हज़ार 2 सौ 26 मतों से पराजित किया। सुधीर शर्मा को 28 हज़ार 66 जबकि देवेन्द्र सिंह जग्गी को 22 हज़ार 5 सौ 40 मत पड़े। उधर हमीरपुर ज़िले की बड़सर सीट पर भी भाजपा ने जीत हासिल की। पार्टी प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस के सुभाष चंद को 2 हज़ार एक सौ 25 वोटों से हराया। लखनपाल ने 33 हज़ार 86 जबकि सुभाष चंद ने 30 हज़ार 9 सौ 61 वोट हासिल किए।

## अनुराग ठाकुर

हमीरपुर संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने अपनी जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि देश में एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है और लोगों को नरेन्द्र मोदी के रूप में ईमानदार व सशक्त नेतृत्व मिलेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अगले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छुंएगा और विकसित राष्ट्र का सपना साकार होगा। उन्होंने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने के लिए जनता का धन्यवाद किया है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भले ही प्रदेश की जनता ने राष्ट्रीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए भाजपा को समर्थन दिया है लेकिन उपचुनाव में जनता ने दल–बदल को स्वीकार नहीं किया है। चुनाव परिणामों के बाद उन्होंने आज शिमला में कहा कि लोकसभा चुनाव में 2019 के मुकाबले कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है और मंडी व शिमला सीट पर कांग्रेस ने अच्छी टक्कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन का देश में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है लेकिन प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मिली हार पर पार्टी मंथन करेगी।

## प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने राज्य की चारों लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार को स्वीकार करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में जनमत ही सर्वोपरि है और पार्टी इसका पूरा सम्मान करती है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बड़ी मज़बूती के साथ चुनाव लड़ा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि चुनाव परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहे हैं और इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जीत हासिल करने वाले भाजपा प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी हैं।

इस बीच मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वे जनादेश का सम्मान करते हैं और हमेशा मंडी के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं। विक्रमादित्य सिंह ने विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के अच्छे प्रदर्शन पर खुशी जताई और कहा कि इस जीत से प्रदेश सरकार को मज़बूती मिली है।

## नोटा

प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में 25 हज़ार एक सौ 40 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया है। लोकसभा चुनाव में 23 हज़ार 71 जबकि विधानसभा उपचुनाव में 2 हज़ार 69 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान नहीं किया और नोटा का बटन दबाया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 6 हज़ार 3 सौ 72, शिमला में 5 हज़ार 8 सौ 76, मंडी में 5 हज़ार 6 सौ 45 जबकि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 5 हज़ार एक सौ 78 मतदाताओं ने नोटा दबाया। इसी तरह विधानसभा उपचुनाव में गगरेट विधानसभा क्षेत्र में 6 सौ 6, धर्मशाला में 4 सौ 82, कुटलैहड़ में 3 सौ 41, बड़सर में 3 सौ 23, सुजानपुर में 2 सौ 41 और लाहौल–स्पिति विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 76 वोट नोटा के पक्ष में पड़े हैं।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- देश में लोकसभा चुनाव के लिए डाले गए वोटों की गिनती जारी–अभी तक घोषित परिणामों में भाजपा ने एक सौ 17 और कांग्रेस ने जीती 51 सीटें–रूझानों के अनुसार एनडीए को बढ़त।
- प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा की चारों सीटें जीतकर किया क्लीन स्वीप– विधानसभा उपचुनाव में 6 में से चार सीटें कांग्रेस की झोली में।
- हमीरपुर संसदीय सीट पर अनुराग सिंह ठाकुर ने लगातार पांचवीं बार हासिल की जीत– जनता का जताया आभार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश की जनता ने विधानसभा उपचुनाव में दल बदल को नकारा– लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ा।